सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा, उत्तराखंड

परीक्षा नियंत्रक कार्यालय, प्रशासनिक भवन, सोबन सिंह जीना परिसर, अल्मोड़ा– 263601

परीक्षा नियंत्रक

www.ssju.ac.in

Email- coessju@gmail.com

पत्रांक: SSJU/Exam/2023/2290

दिनांक 08.06.2023

सेवा में,

निदेशक परिसर /परिसर नोडल अधिकारी पिथौरागढ, बागेश्वर/प्राचार्य समस्त संबद्ध महाविद्यालय। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा।

महोदय/महोदया,

निदेशक शोध एवं प्रसार निदेशालय सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के पत्र, पत्रांक SSJU/नि0 शो0/2022 – 23/269 के क्रम में अवगत कराना है कि दिनांक 17, 18, 19, 20, 22 मई, 2023 को प्रथम काउंसिलिंग एवं द्वितीय काउंसिलिंग दिनांकः 05, 06, 07 जून, 2023 को आयोजित हुई। प्री0पी0एच0डी0 काउन्सिलिंग में चयनित शोधार्थियों की प्री0पीएच0डी0 कोर्स वर्क दिनांकः 01 जुलाई, 2023 से शोध केंद्रों में विधिवत् आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है। अधिष्ठाता प्रशासन एवं समस्त प्राचार्यों से अनुरोध है कि अपने स्तर पर विभिन्न संकायों के कोर्स कॉर्डिनेटर नियुक्त कर प्री. पीएच.डी. कोर्स वर्क की कक्षाएं सुचारु रूप से आयोजित करने का कष्ट करें। पीएच.डी. कोर्स वर्क की अवधि निम्नवत् होगी –

1– पीएच0डी0 कोर्स वर्क की अवधि संबंधित प्रस्ताव

प्रश्नपत्र	**पीएच0डी0 कोर्स वर्क की अवधि**
प्रथम	01 जुलाई, 2023 से 31 जुलाई, 2023 (02 वादन प्रतिदिवस, वादन अवधि–1.30 घंटा)
द्वितीय	01 अगस्त, 2023 से 31 अगस्त, 2023 (02 वादन प्रतिदिवस, वादन अवधि–1.30 घंटा)
तृतीय	शोधार्थियों को 10 नवम्बर, 2023 तक लघुशोध, शोध एवं प्रसार निदेशालय, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा में जमा करना अनिवार्य है। 11 नवम्बर से 20 नवम्बर, 2023 तक रु0 1000/– विलम्ब शुल्क के साथ तथा 21 नवम्बर से 30 नवम्बर तक रु0 2000/– विलम्ब शुल्क लघुशोध प्रबन्ध जमा किया जा सकता है। (इसके उपरांत किसी भी दशा में लघु शोध स्वीकार्य नहीं किए जाएंगे।)

2– वर्ष 2023 के प्री. पीएच.डी. कोर्स वर्क परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की कोर्स वर्क में अध्ययन के दौरान औसत उपस्थिति 75 प्रतिशत होना आवश्यक है।

3– प्रत्येक शोध केंद्र में कोर्स वर्क को संपादित करने हेतु को–ऑर्डिनेटर नियुक्त होंगे। प्रथम प्रश्नपत्र का अध्यापन आरम्भ कराना, समस्त विभागाध्यक्षों को द्वितीय प्रश्नपत्र का अध्यापन की व्यवस्था और शोध निर्देशकों को तृतीय प्रश्नपत्र लघुशोध प्रबंध का निर्देशन कराना है। प्रत्येक शोध केंद्र द्वारा प्री. पीएच0डी0 कोर्सवर्क में प्रवेश की अंतिम तिथि के उपरांत प्रविष्ट शोधार्थियों की विषयवार सूची विद्यार्थी का नाम, पिता का नाम, विषय, शोध निर्देशक/सह–शोध निर्देशक का नाम, परिसर/महाविद्यालय का नाम, प्रवेशित छात्र द्वारा लिए गए प्रवेश श्रेणी का नाम, विवरण सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय को आवश्यक रूप से एक्सेल सीट/हार्ड कापी में भेजी जाएगी।

4– प्री. पीएच0डी0 कोर्सवर्क के तीनों प्रश्नपत्रों के आंतरिक मूल्यांकन के अंक विश्वविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर, 2023 प्रस्तावित है। मूल्यांकन के अंक केंद्रों द्वारा उचित माध्यम से सीधे परीक्षा अनुभाग में प्रेषित किए जाएंगे।

5–एस0एस0जीना विश्वविद्यालय सत्रः 2023 की प्री. पीएच.डी. कोर्स वर्क परीक्षा के तीनों प्रश्नपत्रों का मूल्यांकन एवं अंकों का विभाजन अग्र प्रकार होगाः–

Paper	Title	Internal Assessment (MM)	Theory Exam (MM)	Total
Paper-I	Research Methodology	25 परिसर/महाविद्यालय द्वारा नियुक्त कोर्स को–आर्डिनेटर द्वारा प्रेषित किए जाएंगे।	75	100
Paper-II	Recent Advances in the Subject	25 (जहां से कोर्स वर्क किया जा रहा है।) विभागाध्यक्ष द्वारा प्रेषित किए जाएंगे।	75	100
Paper-III	Dissertation in Specialized branch of the Subject	25 शोधार्थी के शोध निर्देशक द्वारा प्रेषित किए जाएंगे।	75	100

6– कोर्स वर्क की कक्षाएँ ऑफलाइन मोड में तथा यू0जी0सी0 के निर्देशानुसार संपादित की जाएगी। कोर्स वर्क हेतु एस0 एस0 जीना परिसर, अल्मोड़ा/राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, द्वाराहाट/ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, स्याल्दे/राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मानिला/राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बागेश्वर/राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पिथौरागढ़/राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेरीनाग/राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चम्पावत/राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लोहाघाट/राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सोमेश्वर /राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कपकोट/ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नारायणनगर प्रस्तावित है।

7– स्नातक महाविद्यालयों के जिन अध्यापकों को शोध छात्र आवंटित किए गए हैं, उनकी कोर्सवर्क की कक्षाएं उनके निकटस्थ स्नातकोत्तर/परिसर महाविद्यालयों में आयोजित की जाएंगी।

8– सत्रः 2022–23 के Ph.D Course Work का Syllabus पूर्व सत्र की भांति यथावत् रहेगा।

9– प्री. पीएच.डी. परीक्षा फार्म भरने की अनुमानित तिथि .दिनांकः 20 अक्टूबर, 2023 होगी तथा परीक्षा फार्म बेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन भरे जाएंगे।

परीक्षा नियंत्रक

Controller Of Examination
Soban Singh Jeena Univers.
Almora-263601
(Uttarakhand)

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ प्रेषित

1. कुलसचिव, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोडा।
2. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक